आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

28.08.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों को सम्मान देने में जन–धन योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में वैट के कियान्वयन के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया।
- नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों विभाग की ओर से मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण के कार्य के लिए कल से मध्योत्तर अंडमान ज़िले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- राष्ट्रीय खेल दिवस कल मनाया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक तिरपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सड़सठ प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से पचपन प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाली लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के ज़िला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–संभागीय न्यायालय परिसर और डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में लगेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत मामलों का निपटारा किया जाएगा। आम जनता जिनके बिजली, पानी के बिल के अलावा श्रम विवाद, रख–रखाव से जुड़े मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विवाद या सार्वजनिक मामले विचाराधीन है, वे नौ सितम्बर तक लिखित में विवादों को ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव के पास जमा कर सकते हैं, ताकि चौदह सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए इसे प्रस्तुत किया जा सके।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में वैट के कियान्वयन के बारे में जानकारी देने के लिए टैगोर कॉलेज के सभागार में प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यकम आयोजित किया गया। वैट अधिकारियों और हितधारकों के लिए व्यक्तिगत और ऑनलाइन गूगल मीट सत्र के जरिए आयोजित इस कार्यकम का उद्घाटन करते हुए वैट की संयुक्त आयुक्त नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में वैट के महत्व और कियान्वयन पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हितधारकों को वैट अधिनियम और नियमों का अच्छी तरीके से ज्ञान होना चाहिए, ताकि वे आसानी से इसका पालन कर सके। सहायक आयुक्त वैट आनन्दवर्धन मिश्रा ने वैट पर जानकारी दी और उन्होंने हितधारकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए पूरे द्वीपों में वैट के कियान्वयन में सभी से सहयोग का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल के समीप सौर सक्षम स्मार्ट कार्ड स्थापित किया गया है। स्वयं सहायता समूह के दस सदस्यों के लिए नाबार्ड और अनिडको के सहयोग से स्थापित इस केन्द्र का ग्रामीण विकास की आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस नवीन सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास सचिव व दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के अलावा नाबार्ड और ग्रामीण विकास के अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों विभाग की ओर से मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण के कार्य के लिए कल से मध्योत्तर अंडमान ज़िले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस कार्य के लिए विभाग का एक दल मध्योत्तर अंडमान के दौरे पर रहेगा। कल बाराटांग में शिविर लगाया जाएगा। कदमतला में तीस, रंगत में इक्कतीस अगस्त से दो सितम्बर, बिल्लीग्राउंड में तीन और मायाबंदर में चार सितम्बर को मापतौल शिविर लगेगा। डिगलीपुर में पांच से लेकर नौ सितम्बर तक शिविर आयोजित होगा। सभी दुकानदारों, ऑटो रिक्शा मालिकों और ड्राइवरों तथा संबंधित विभागों से इन शिविरों का लाभ उठाकर अपने मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण कराने को कहा गया है।

<><><><><><>

भ्रष्टाचार रोधी इकाई की ओर से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में भ्रष्टाचार और समाज पर इसका प्रभावः रिपोर्टिंग मामलों के लिए हम तक कैसे पहुंचे विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि कॉलेज की प्राचार्य पर्ल देवदास ने समाज में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए छात्रों और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। स्रोत अधिकारी इंस्पेक्टर टी. हेमावती, रूप कुमार मजूमदार और ए. उस्मान ने भ्रष्टाचार रोधी इकाई की संरचना, गतिविधि और भूमिका के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी। इसके अलावा स्रोत अधिकारियों ने समाज पर भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों और इससे संबंधित मुद्दों पर विद्यार्थियों से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी और सहायक प्रोफेसर डॉ. कन्डीमुत्थु ने किया।

<><><><><><>

बिल्लीग्राउंड पुलिस थाने की टीम ने बिल्लीग्राउंड में अवैध नशीले पदार्थ बिक्री करने के मामले में एक किलो दो सौ ग्राम से अधिक गांजा ज़ब्त करते हुए शांतिपुर के उनहत्तर वर्षीय अखैय रॉय नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर रंगत के एस डी पी ओ राहुल एल नायर के निर्देश पर बिल्लीग्राउंड थान प्रभारी धीरज किशन और उनकी टीम ने संदिग्ध आरोपी को रोककर पूछताछ की और उसके पास से गांजा बरामद किया।

<><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में भारतीय खेल प्राधिकरण अंडमान निकोबार पुलिस के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। कल सुबह खेल के महत्व पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पुलिस मनोरंजन टीम की ओर से पोर्ट ब्लेयर के विभिन्न स्कूलों में झलकी पेश की जाएगी। भारतीय खेल प्राधिकरण स्कूल विद्यार्थियों के लिए खेल क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। कल शाम साढ़े चार बजे पुलिस टीम की ओर से नुक्कड़ नाटक और खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षुको द्वारा मरीना पार्क में खेल क्वीज का आयोजन होगा। विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे जाएंगे। खिलाड़ियों और आम जनता को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस बीच, उप–शिक्षा अधिकारी दक्षिण अंडमान की ओर से भी कई खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही है। नेताजी स्टेडियम के बहुद्देशीय सभागार में अंतर स्कूल बैडमिन्टन

चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। चौदह और सोलह वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अलावा मॉडल स्कूल में खेल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में स्नातक स्तर की विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुछ सीटे रिक्त हैं। प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने के इच्छुक विद्यार्थियों से दो से चार सितम्बर के बीच कार्य अवधि में कॉलेज के अकादमिक प्रभारी से संपर्क करने को कहा गया है। सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर चुके विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत कैम्पबेल बे की ओर से पशु मालिकों से अपने पशुओं को टैग लगाने की अपील की गई है। सड़क दुर्घटना को देखते हुए पशु मालिकों से अपने पशुओं को खुला न छोड़ने का भी अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक पचहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर, मायाबंदर में साठ, हटबे में सैंतीस, पोर्ट ब्लेयर में छब्बीस दशमलव चार, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में उन्नीस दशमलव आठ, कार निकोबार में पन्द्रह और ननकौड़ी में चार मिलीमीटर वर्षा हुई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किलोमीटर से लेकर पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है और समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को इक्कतीस अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>